भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2811**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 16 का निर्माण पूरा होना**

2811. श्री अभिमन्यु सेठी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या राष्ट्रीय राजमार्ग-16 को छह लेन का बनाने का कार्य पूरा कर लिया गया है और यदि हां, तो इस परियोजना पर अब तक कुल कितनी धनराशि व्यय की गई है,

(ख) क्या ओडिशा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 का कोई हिस्सा अधूरा है और यदि हां, तो विलंब के विशिष्ट कारण क्या हैं:

(ग) क्या भद्रक से बालासोर खंड की, विशेषकर अखुआपाड़ा से बहानागा तक के कार्य के मामले में समय पर कार्रवाई न होने और कार्य समय पर पूरा न होने के कारण वर्तमान में दयनीय स्थिति है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और

(घ) क्या अखुआपाड़ा से बहानागा खंड में वाहन अंडर पास (वीयूपी), हल्के वाहन अंडर पास (एलवीयूपी) और अंडरपास का निर्माण कार्य 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) रारा-16 पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु राज्यों से होकर गुजरता है। ओडिशा राज्य से लगभग 400 किलोमीटर की लंबाई गुजरती है, जिसमें से 198 किलोमीटर को 6 लेन का बनाया गया है, जिस पर लगभग 3536 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं।

(ख) विस्तृत विवरण अनुबंध में संलग्न है।

(ग) इस सड़क को मरम्मत रखरखाव के साथ यातायात योग्य स्थिति में बनाए रखा जा रहा है।

(घ) रारा-16 के अखुआपाड़ा से बहानागा खंड में 7 अंडरपास में से 4 अंडरपास पूरे हो चुके हैं और शेष 3 अंडरपास मई 2025 तक पूरे होने अपेक्षित हैं।

**<u>अनुबंध</u>**

'राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 16 का निर्माण पूरा होना' के संबंध में श्री अभिमन्यु सेठी द्वारा 12 दिसंबर 2024 को पूछे गए लोकसभा सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2811 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।

<u>ओडिशा में रारा-16 के अपूर्ण/लंबित कार्य की स्थिति</u>

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | लंबाई (किमी. में) | स्थिति | परियोजना अपूर्ण रहने का विशिष्ट कारण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | भद्रक से बालासोर तक 6 लेन | 62.0 | वास्तविक प्रगति - 78.50%. संशोधित निर्धारित समापन तिथि - मई 2025. | 1. कोविड-19<br>2. खनन अनुमति न मिलने के कारण निर्माण सामग्री की कमी।<br>3. जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण, अतिरिक्त भूमि अर्जन में विलंब, वीआईपी संदर्भ और जनता की मांग के अंतर्गत अतिरिक्त कार्यों को शामिल करना।<br>4. फ्लाईऐश की आपूर्ति में कमी । |
| 2 | पुनियाटोला से टांगी तक 4/6 लेन (किमी 284.00 से किमी 335) | 75.36 | वास्तविक प्रगति - 98.85% पीसीओडी 24.01.2023 को जारी किया गया। पंच सूची आइटम 31.12.2024 तक पूरा करने के लिए निर्धारित है। | 1. कोविड-19,<br>2. हुम्मा में जनोपयोगी स्थानांतरण कार्य<br>3. सीओएस को कई संरचनाओं के लिए अनुमोदित किया गया है) |
| 3 | रारा - 16 के चंडीखोले - जगतपुर - भुवनेश्वर खंड के किमी 414.00 से किमी 419.00 तक और किमी 0.00 से किमी 62.00 तक किमी 5.68 ( नहराकांटा ) पर 6 लेन फ्लाईओवर का निर्माण। | 0.48 | वास्तविक प्रगति - 89.0%. संशोधित निर्धारित समापन तिथि - जनवरी, 2025। | 1. कोविड-19,<br>2. भवन/धार्मिक क्षेत्र का स्थानांतरण।<br>3. खराब कार्य निष्पादन के कारण ईपीसी ठेकेदार को 13.06.2024 को हटा दिया गया और तत्पश्चात शेष फ्लाईओवर निर्माण कार्य को निकटवर्ती ठेकेदार को सौंप दिया गया। |

*****